# यूपी सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में बढ़ाएगा वैश्विक दखल

## सेमीकॉन इंडिया

- दिल्ली में 17 से 19 सितंबर के बीच होगा आयोजन
- यशोभूमि में दिखेगा उत्तर प्रदेश का इकोसिस्टम

**लखनऊ, विशेष संवाददाता।** यूपी सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में अपनी बढ़ती क्षमता को नई दिल्ली के यशोभूमि (आईआईसीसी) द्वारका में 17 से 19 सितंबर के मध्य आयोजित सेमीकॉन इंडिया-2026 में वैश्विक मंच पर रखेगा। आयोजन में टीम यूपी प्रदेश के उभरते सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम, इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्षमता, नीतिगत सहयोग और भविष्य की तैयारियों को प्रमुखता से रखेगी। कार्यक्रम में दुनिया की सेमीकंडक्टर कंपनियों, विभिन्न राज्य सरकारों के प्रतिनिधियों, भारतीय उद्योग जगत, स्टार्टअप और सेमीकंडक्टर क्षेत्र से जुड़े अन्य पक्षों की भागीदारी होगी।

सेमीकॉन इंडिया-2026 में उत्तर प्रदेश की ओर से ऐसे प्रचार वीडियो तैयार किए जाने की योजना है, जिनमें प्रदेश के उभरते सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम को दिखाया जाएगा। इसमें मौजूदा बुनियादी ढांचे, नीतिगत सहयोग और भविष्य की तैयारियों को सामने रखा जाएगा। आयोजन का मुख्य विषय 'ट्रांसफॉर्म टुमारो–सिलिकॉन टू सिस्टम्सः बिल्डिंग ग्लोबल सप्लाई चैन्स' रहेगा। कार्यक्रम में सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र की पूरी वैल्यू चेन पर चर्चा और प्रदर्शन किया जाएगा। कार्यक्रम में 500 से अधिक प्रदर्शक शामिल होंगे।